# एन.पी.एस. व यू.पी.एस. का विरोध, कर्मचारी संयुक्त महासंघ का प्रदर्शन



मांगों को लेकर कर्मचारी संयुक्त महासंघ ने रैली निकालकर बीकानेर कलेक्ट्रेट पर विरोध-प्रदर्शन किया।

■ आक्रोश रैली निकालकर पुरानी पेंशन व्यवस्था ओ.पी.एस. लागू करने की मांग की

**बीकानेर,**(कासं)। अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ बीकानेर के बैनर तले जिले के सभी कैडर के कर्मचारियों ने जिलाध्यक्ष पृथ्वीराज लेघा व महामंत्री मनोज सुथार के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन करते हुए मुख्य सचिव के नाम जिला कलेक्टर को 11 सूत्री मांग पत्र का ज्ञापन सौंपा।

शिक्षक संघ रेसटा के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद ने महासंघ के बैनर तले अभी कर्मचारियों ने जिला कलेक्टर कार्यालय के चारों तरफ नारेबाजी करते हुए आक्रोश रैली निकाली। महासंघ की ओर से दिए गए ज्ञापन में एनपीएस व यूपीएस का विरोध करते हुए पुरानी पेंशन व्यवस्था ओपीएस लागू करने की मांग की। साथ ही राजस्थान में ओपीएस को यथावत रखते हुए इसके साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ नहीं करने की मांग की।

इस अवसर पर कर्मचारियों को संबोधित करते हुए शिक्षक नेताओं ने सभी घटक संगठनों के साथ सरकारों द्वारा पूर्व में किए गए समझौते लागू करने, संविदा भर्ती बंद करने तथा संविदा कर्मचारियों को नियमित करने की मांग की। शिक्षक नेता श्रवण पुरोहित व आनंद पारीक ने ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों को ग्रामीण भत्ता स्वीकृत करने तथा आठवें वेतन आयोग के गठन का मुद्दा उठाया। कृषि पर्यवेक्षक यूनियन के मालाराम जाट ने वेतन विसंगतियां दूर करते हुए पूर्व में फ्रिज किए गए डीए एरियर के भुगतान की मांग की।

कर्मचारियों को पूर्व जिला अध्यक्ष जयकिशन पारीक, कैलाश वेष्णव, रेसटा के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद, प्रदेश सभाध्यक्ष काशी शर्मा, जिलाध्यक्ष सीताराम डूडी अनोप खीचड़, सावन खां, निशा भारद्वाज, राधा स्वामी, संजय पुरोहित, सतवीर सिंह पचार, रामनिवास भादू, देवेन्द्र जाखड़, महेन्द्र भंवरिया, अरूण गोदारा, बलवीर भादू, राकेश डूडी, रेवंत राम गोदारा, रावतराम डूडी, मोहम्मद इलियास जोईया, लक्ष्मण सिंह, गुलाब नाथ योगी, चांदरतन सोलंकी, राजेन्द्र आचार्य, सुरेन्द्र सिंह भाटी, मकबूल अहमद, सत्यनारायण पारीक, मनीष ठाकुर, श्याम देवड़ा आदि ने संबोधित किया। प्रदर्शन में शिक्षक संघ शेखावत, शिक्षक संघ प्रगतिशील, शिक्षक संघ रेसटा, ग्राम विकास अधिकारी संघ, अतिरिक्त एवं सहायक विकास अधिकारी संघ, कृषि पर्यवेक्षक संघ, कृषि स्नातक संघ, पटवार संघ, भू मापक संघ, आवासन मंडल कर्मचारी यूनियन, आयुर्वेद नर्सेज यूनियन, आयुर्वेद परिचारक संघ, पर्यटन विकास निगम यूनियन, सहायक कर्मचारी संघ, पशु चिकित्सा कर्मचारी संघ, अधीनस्थ कंप्यूटर कर्मचारी संघ, मिनिस्टीरियल सर्विसेज एसोसिएशन, वाहन चालक एवं तकनीकी कर्मचारी संघ व नर्सेज संगठन शामिल हुए।

वहीं कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग, राजस्थान (रोजगार विभाग) द्वारा 30 सितम्बर को डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय, खेल प्रांगण श्रीगंगानगर में प्रातः 10.30 बजे से एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर का आयोजन किया जायेगा। उपक्षेत्रीय रोजगार कार्यालय के सहायक निदेशक सुखमन सिंह जौहल ने बताया कि शिविर में निजी क्षेत्र की श्रीराम पिस्टन, भगवती इन्टरप्राइजेज, नवभारत फर्टीलाइजर, एमआरएफ लिमिटेड, पुखराज, मैजिक ग्रो, इंश्यारेंस सैक्टर आदि के लिए बारहवीं पास, स्नातक उत्तीर्ण एवं आईटीआई उत्तीर्ण आशाथियों के मशीन ऑप्रेटर, फील्ड ट्रैनी, सेल्स मैनेजर, बैंक ऑफिस आदि पदों हेतु आशार्थियों का चयन किया जायेगा।

## ऋण वितरण की समीक्षा

**बीकानेर,** (कासं)। जिला स्तरीय बैंकर्स समन्वय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।

इस अवसर पर आरबीआई के जिला विकास अधिकारी विध्यांचल सिंह ने कहा कि जिले में कार्यरत समस्त बैंकों व केन्द्र एवं राज्य सरकार के अधिकारी आपसी समन्वय से सरकारी योजनाओं में ऋण आवेदन, स्वीकृति और वितरण से जुड़े कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से करें। उन्होंने बैंकों की जमा, निकासी और ऋण वितरण की स्थिति की समीक्षा की और कहा कि अधिक से अधिक लोगों को वित्तीय साक्षरता और समावेशन से जोड़ा जाए।

इस दौरान मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन, प्रधानमंत्री स्व निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा, किसान क्रेडिट कार्ड, इंदिरा गांधी महिला शक्ति उद्यम प्रोत्साहन, मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन स्वरोजगार, मुख्यमंत्री युवा उद्यम प्रोत्साहन योजना सहित अन्य योजनाओं की प्रगति चर्चा की गई। अग्रणी जिला प्रबंधक यदुनंदन नारायण व्यास ने कहा कि विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा भेजी गई लोन पत्रावलियों को बैंकों द्वारा निर्धारित समयबद्धता के साथ निस्तारित किया जाए।

इन आवेदनों को अनावश्यक रूप से लम्बित ना रखें। बैंक अधिकारी लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए सर्तकता एवं सावधानी के साथ कार्य करें। समुचित कारण होने पर ही लोन अस्वीकृत किया जाए।

## सार-समाचार

### दादा गुरूदेव की बड़ी पूजा


रेल दादाबाड़ी में हुई पूजा में आचार्य श्री ने स्वयं व मुनि, साध्वीवृंद ने भक्ति गीत गाए तथा मंत्रोच्चारण किया।

**बीकानेर,** (कासं)। जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ के जैनाचार्य जिन पीयूष सागर सूरिश्वर के सानिध्य में शुक्रवार को मुनि सत्वरतन सागर की तपस्या की अनुमोदनार्थ नाहटा चौक के श्री सुपार्श्वनाथ जिनालय में श्री नमिऊण अभिषेक किया गया। तपाभिनंदन महा महोत्सव के तहत रेल दादाबाड़ी में दादा गुरुदेव की बड़ी पूजा आचार्यश्री के नेतृत्व में विचक्षण महिला मंडल की। जैनाचार्य जिन पीयूष सागर सूरिश्वर म.सा. के सानिध्य में गंगाशहर में दो भाई चिराग सुराणा के 36 व ऋषभ सुराणा के 11 दिन की तपस्या का पारणा हुआ। तपस्वी श्रावक-श्राविकाओं के तपाभिनंदन महामहोत्सव के तहत रेल दादाबाड़ी में हुई पूजा में आचार्यश्री ने स्वयं व मुनि, साध्वीवृंद ने भक्ति गीत गाए तथा मंत्रोच्चारण किया। श्री सुगनजी महाराज का उपासरा ट्रस्ट के मंत्री रतन लाल नाहटा ने बताया कि नूतन मुनि सत्वरत्न सागर की तपस्या की अनुमोदना शनिवार को नाहटा चौक के सुबह पौने सात बजे भगवान आदिनाथ जिनालय में भक्तामर अभिषेक, दोपहर को ढाई बजे रांगड़ी चौक के सुगनजी महाराज के उपासरे में श्राविका मंडल की ओर से सांझी महोत्सव व रविवार को भगवान महावीर के मंदिर में विचक्षण महिला मंडल की ओर से पंच कल्याणक पूजा की जायेगी। श्री जिनेश्वर युवक परिषद के अध्यक्ष संदीप मुसरफ ने बताया कि शनिवार व रविवार को जैनाचार्य श्री के सानिध्य में होने वाले ट्रस्टी अधिवेशन में राजस्थान के साथ देश के अनेक स्थानों के मंदिरों, दादा बाडियों आदि जैन संस्थानों के ट्रस्टी शामिल होंगे।

### देशी-विदेशी पर्यटक झूमे


पर्यटन दिवस पर पारंपरिक वेशभूषा में सजे रोबीले श्याम जोशी एवं श्याम कल्ला के साथ पर्यटकों ने नृत्य किया।

**बीकानेर,** (कासं)। विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर 'टूरिज्म एंड पीस' थीम के साथ शुक्रवार को जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। पर्यटन विभाग के उप निदेशक अनिल राठौड़ ने बताया कि पर्यटन विभाग, पुरातत्व विभाग एवं नगर निगम के संयुक्त तत्वावधान में बीकाजी की टेकरी पर साफ-सफाई अभियान एवं श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। निगम के कार्मिकों के अलावा पुरातत्व विभाग के वृत्त अधीक्षक महेन्द्र कुमार निम्हल, पर्यटन अधिकारी पवन शर्मा और शंकर हर्ष मौजूद रहे। इस दौरान मेरा बीकानेर मेरा सहयोग अभियान के तहत आमजन को शहरी क्षेत्र को साफ-सुथरा और स्वच्छ रखने के लिए जागरूक किया गया। राठौड़ ने बताया कि शुक्रवार को ही जूनागढ़ तथा राजकीय सार्वजनिक मंडल पुस्तकालय में देशी और विदेशी पर्यटकों की मौजूदगी में लोक संस्कृति से ओतप्रोत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें पारंपरिक वेशभूषा में सजे रोबीलों श्याम जोशी एवं श्याम कल्ला के साथ पर्यटकों ने नृत्य किया। शौक़ीन खान ने मश्क वादन तथा माने खान ने कच्छी घोड़ी लोक नृत्य की प्रस्तुतियां दी।

### आवेदन की तिथि बढाई

**सीकर,** (निसं)। राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम जयपुर के निर्देषानुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, स्वच्छकार, दिव्यांगजन एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के व्यक्तियो के लिए स्वरोजगार के लिए ऑनलाईन ऋण आवेदन की अंतिम तिथि 30 सितम्बर से 31 अक्टूबर 2024 तक बढ़ा दी गई है। परियोजना प्रबंधक अनुजा निगम प्रियंका पारीक ने बताया कि आवेदक जनआधार कार्ड में स्वयं की बैंक संबंधी सूचनाएं जैसे बैक का नाम, आईएफएससी कोड, खाता संख्या आदि, मोबाईल नम्बर, जन्म दिनांक, वार्षिक आय संबंधी सूचनाये जनआधार कार्ड में उपडेट करवाकर ही आवेदन करें।

### पुण्यतिथि मनाई

**उदयपुरवाटी,** (निसं)।उदयपुरवाटी के गांव कोट की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में ब्रह्म समाज के संस्थापक व सामाजिक सुधार आंदोलन के प्रणेता राजा राम मोहन राय की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक एडवोकेट मोतीलाल सैनी ने कहा कि राजा राम मोहन राय भारतीय पुनर्जागरण के अग्रदूत व आधुनिक भारत के जनक थे, उन्होंने देश में बाल-विवाह, सती प्रथा, जातिवाद, कर्मकांड, पर्दा प्रथा सहित कई सामाजिक बुराइयों के उन्मूलन में महत्वपूर्ण निभाई है । कार्यक्रम में प्रताप सिंह खेदड़, रामावतार सैनी, बलराम गुर्जर ने भी राजाराम मोहन राय के जीवनवृत्त पर प्रकाश डाला।

# 'तंबाकू मुक्त श्रीगंगानगर बनाने के लिए जन सहभागिता जरूरी'


श्रीगंगानगर कलेक्टर डॉ. मंजू ने तम्बाकू मुक्त युवा कैम्पेन 2.0 के तहत जन जागरूकता को लेकर अधिकारियों की बैठक ली।

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले में तम्बाकू मुक्त युवा कैम्पेन 2.0 के तहत 60 दिवसीय जन जागरूकता व कार्रवाई अभियान विधिवत रूप से शुरू हुआ। अभियान के तहत कोटपा एक्ट के प्रावधानों के तहत प्रतिबंधित स्थानों पर तम्बाकू का विक्रय सेवन पर रोक लगाने के लिए चालान कार्रवाई सहित सामुदायिक स्तर पर इसके प्रति जन जागरूकता विकसित की जायेगी।

अभियान को सफल बनाने के लिए शुक्रवार को जिला कलेक्टर डॉ. मंजू की अध्यक्षता में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में जिला कलेक्टर डॉ. मंजू ने निर्देश दिए कि अभियान को सफल बनाने के लिए सभी विभाग जिम्मेदारी से कार्य करें एवं किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही न हो। उन्होंने कहा कि हम सबकी जिम्मेदारी है कि नशा और तंबाकू मुक्त श्रीगंगानगर बनाने के लिए सहभागिता से अभियान में अपना योगदान दें ताकि युवा पीढ़ी नशे व तंबाकू जैसी बुरी आदतों से बच सकें। इनसे न केवल शारीरिक व आर्थिक नुकसान बल्कि सामाजिक क्षति भी होती है।

अपराध बढ़ते हैं और सामाजिक ताना-बाना बिगड़ता है। ऐसे में सभी की जिम्मेदारी बनती है कि समाज को नशा मुक्त बनाने में अपना योगदान दें, खासकर महिलाएं, बुजुर्ग, युवा व जनप्रतिनिधिगण ताकि एकजुट होकर इसके खिलाफ लड़ाई लड़ी जा सके। जिला कलक्टर ने कहा कि तम्बाकू मुक्ति के लिए रोकना और टोकना दोनों जरूरी है और इसमें समाज के हर वर्ग की सहभागिता आवश्यक है।

साथ ही स्कूलों, ग्राम पंचायत भवनों, शैक्षणिक व चिकित्सा संस्थानों इत्यादि को तम्बाकू मुक्त करने के लिए निर्धारित नौ मापदण्डों के अनुसार कार्रवाई के निर्देश जिला कलक्टर ने दिए।

## ग्रामीण हॉट में हस्तशिल्प के उत्पाद बिकेंगे

**बीकानेर,** (कासं)। जयनारायण व्यास कॉलोनी स्थित ग्रामीण हॉट में नवरात्रि मेला शनिवार से शुरू होगा। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि सायं 6.15 बजे इसका उद्घाटन करेंगी।

जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र की महाप्रबंधक मंजू नैण गोदारा ने बताया कि जिला प्रशासन, उद्यम प्रोत्साहन संस्थान तथा जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में नवरात्रि मेला 28 सितम्बर से 7 अक्टूबर तक आयोजित किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि मेले में बीकानेर संभाग के विभिन्न उद्योगों एवं हस्तशिल्प के उत्कृष्ट उत्पादों जैसे कारपेट, कालीन, पायदान, हैंडीक्राफ्ट, हैंडमेड ज्वैलरी, लेदर प्रोडक्टस, बेकरी उत्पाद, कशीदाकारी, नमकीन वूलन उत्पाद, गारमेंट, उस्ता कला, जटिल कढ़ाई वाले वस्त्र, उत्तम मिट्टी के बर्तन एवं चीनी मिट्टी के बर्तन, लकड़ी की नक्काशी के उत्पाद , जीवंत कलाकृतियां इत्यादि सामग्री का विभिन्न स्टालों पर प्रदर्शन एवं विपणन किया जायेगा।

# समाज कल्याण सप्ताह में होंगे कई कार्यक्रम

■ समाज कल्याण सप्ताह 1 से 7 अक्टूबर तक मनाया जायेगा

**बीकानेर,**(कासं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा 1 से 7 अक्टूबर तक समाज कल्याण सप्ताह मनाया जायेगा। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एल. डी. पवार ने बताया कि समाज कल्याण सप्ताह आयोजन का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जातियों, जनजातियों, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, विशेष योग्यजन, महिलाओं एवं बच्चों को राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित करना है। इस दौरान आमजन को सामाजिक बुराईयों एवं कुरीतियों के विरूद्ध जागरूक किया जायेगा।

समाज कल्याण सप्ताह के दौरान विभिन्न गतिविधियां होंगी। पवार ने बताया कि समाज कल्याण सप्ताह की शुरूआत 1 अक्टूबर को वृद्धजन दिवस से होगी। इसमें वृद्धजनों को केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी, चिकित्सकीय जांच, रोडवेज के रियायती पास वितरण एवं विचार गोष्ठी आदि कार्यक्रमों का आयोजन मुक्ता प्रसाद नगर स्थित जय भीम वृद्धाश्रम तथा वृंदावन एनक्लेव स्थित अपना घर वृद्धाश्रम में किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि महात्मा गांधी की जयंती पर सर्किट हाउस के सामने गांधी पार्क में गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण, भजन गायन एवं सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया जायेगा। इसके अतिरिक्त अनुसूचित जातियों का कल्याण दिवस पर स्वच्छ भारत अभियान में विशेष सफाई अभियान, विचार गोष्ठी, अनुसूचित जातियों की बस्तियों में पेयजल व बिजली की समस्याओं का निस्तारण किया जायेगा।

# सभी ने स्वच्छता रखने की ली शपथ

■ जिला स्तरीय स्वच्छता मैराथन आयोजित

**सीकर,** (निसं)। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत आमजन को स्वच्छता रखने के प्रति जागरूक करने के लिए शुक्रवार को सुबह स्वच्छता मैराथन का आयोजन किया गया। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया इस दौरान एसके स्कूल ग्राउंड से शुरू कर डाक बंगला पर मैराथन का समापन किया गया। मैराथन में अधिकारियों, कार्मिकों, विद्यालयों एवं कोचिंग संस्थानो के बच्चों सहित समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियो एवं शहरवासियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस दौरान जिला कलेक्टर शर्मा ने सभी को स्वच्छता शपथ दिलाई।

जिला परिषद के सीईओ नरेंद्र पुरोहित ने बताया कि भारत सरकार के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता फखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के तहत आज एसके स्कूल खेल मैदान से डाक बंगला तक मैराथन रैली का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत 2 अक्टूबर 2024 तक जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाकर आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा।

## लोहसना छोटा में दबंगों ने बंद कर दिया घर का रास्ता

**चूरू,** (का.सं.)। लोहसना छोटा गांव में दबंगों ने सतवीर सिंह पुत्र मान सिंह के घर का रास्ता बंद कर दिया है। सतवीर सिंह ने बताया कि नरेंद्र सिंह व रवीन्द्र सिंह पुत्रगण बजरंग सिंहए संतोष कंवर पत्नी मदन सिंहए सुरेश सिंह पुत्र मदन सिंहए धर्मेंद्र सिंह पुत्र इंद्र सिंह और मंजू कंवर इंद्र सिंह निवासीगण लोहसना छोटा ने उनके घर का रास्ता बंद कर दिया है।

रास्ता खुलवाने के लिए एसडीएम से गुहार लगाई तो उन्होंने तहसीलदार के पास भेज दिया।तहसीलदार ने कहा कि गिरदावर के पास जाओ।

गिरदावर सुल्तान सिंह ने रास्ता रोकने वाले दबंगों से मिली भगत कर रखी है। इस कारण वे कोई सुनवाई नहीं कर रहे हैं।

# सोलर पम्प संयंत्र लगाने पर मिलेगा 60 फीसदी अनुदान

■ इंदिरा गांधी नहर प्रथम चरण के कमाण्ड क्षेत्र के पांच हजार किसानों को मिलेगा योजना का फायदा

**हनुमानगढ़,** (कासं)। इंदिरा गांधी नहर परियोजना प्रथम चरण के कमांड क्षेत्र में संचालित राजस्थान जल क्षेत्र पुनः संरचना परियोजना में 3, 5 और 7.5 एचपी के ऑफ ग्रिड सोलर पम्प संयंत्र लगाने के लिए 5000 किसानों को अनुदान दिया जायेगा।

राज्य सरकार मरू क्षेत्र हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, बीकानेर व अनूपगढ़ जिलों में परियोजना अंतर्गत 180 करोड़ रूपए की लागत से किसानों के खेतों में 5000 सोलर पम्प संयंत्र लगायेगी।

जल संसाधन विभाग मुख्य अभियंता (आरडब्लयूएसआरपीडी) राकेश गुप्ता ने बताया कि 3 एचपी पंप पर लगभग 2,02,000 रुपए, 5 एचपी पंप के लिए 2,82,000 रुपए तथा 7.5 एचपी पंप के लिए अनुमानित 4 लाख रुपए लागत आएगी। योजना अंतर्गत सोलर पम्प संयंत्र लगाने वाले किसानों को 60 फीसदी सब्सिडी दी जायेगी। शेष 40 फीसदी राशि कृषक को वहन करनी होगी।

कृषक द्वारा वहन की जाने वाली लागत में भी 30 फीसदी राशि तक बैंक ऋण प्राप्त किया जा सकता है। पम्प स्थापित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा रोटोमोग मोटर्स एंड कंट्रोल्स प्राईवेट लिमिटेड कंपनी के साथ अनुबंध किया गया है।

गुप्ता ने बताया कि कृषकों का चयन राज किसान साथी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदनकर्ताओं में से किया जायेगा। चयन उद्यानिकी विभाग की जारी दिशा-निर्देशों के तहत होगा। जिन कृषकों ने अभी तक आवेदन नहीं किया है। वे शीघ्र ही राज किसान साथी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर योजना का लाभ ले सकते हैं।

# नोखा के राजकीय राठी विद्यालय में राज्य स्तरीय योग खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ



नोखा के राजकीय राठी विद्यालय में राज्य स्तरीय योग खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक मुख्यालय बीकानेर के गजानन्द सेवग व सुनील बोड़ा के आतिथ्य में किया।

■ योगा शुभंकर का विमोचन विद्यालय प्रांगण में किया

**नोखा,** (कासं)। 68वीं राज्य स्तरीय योग खेलकूद प्रतियोगिता में सम्पूर्ण राजस्थान से 17 वर्ष छात्र व छात्रा की कुल 82 टीमें व 19 वर्ष छात्र व छात्रा की 71टीमें भाग ले रही है। जिसमें 1029 छात्र -छात्रा भाग ले रहे हैं।

प्रतियोगिता संयोजक व प्रधानाचार्य जयदेव बिद्दू ने बताया कि कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक मुख्यालय बीकानेर के गजानन्द सेवग, सीबीईओ माया बजाड़, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक सुनील बोड़ा, उप जिला शिक्षा अधिकारी स्पॉर्ट अनिल बोड़ा, नगर पालिका उपाध्यक्ष निर्मल भूरा, राष्ट्रपति सम्मानित शारीरिक शिक्षक भगवानाराम डेलू, समाजसेवी शिवकरण डेलू, भामाशाह शिवकरण सोनी, गणेश सोनी सींथल, किशनलाल सोनी,अनिल जैन, जैन कालेज प्राचार्य अखिलेशानन्द पाठक, आयकर अधिकारी हनुमान प्रसाद, यूसीबीईओ प्रधानाचार्य नारायण दत्त सारस्वत, श्रीकृष्ण शर्मा, कृष्ण कुमार विश्नोई, शिवनारायण भादू, निदेशालय पर्यवेक्षक शक्ति प्रसन्न, निर्णायक मण्डल के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश के आतिथ्य में राठी स्कूल मैदान में आदर्श विद्या मंदिर के घोष दल व एनसीसी कैडेट्स व 1029 योग खिलाड़ियों तथा दर्शकों व गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में ध्वजारोहण व मार्च पास्ट के साथ प्रतियोगिता का उद्घाटन जयघोष व शंखनाद के साथ हुआ। इस अवसर पर मंचस्थ अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर व स्मृति चिन्ह द्वारा स्वागत किया गया। शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के उपाध्यक्ष ओमप्रकाश विश्नोई ने योग की जीवन में उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शरीर से, मन से, ज्ञान से, क्रिया से योग करने से भारतीय संस्कृति का विकास होता है।

कंट्रोल रूम प्रभारी रामचन्द्र दान ने बताया कि अभी कुछ जिलों से टीमें अभी आ रही है। प्रभारी प्रेमदान ने बताया कि योगा शुभंकर का विमोचन विद्यालय प्रांगण में किया। जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक गजानन्द सेवग ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलें व निर्णायक मण्डल के निर्देशों का पालन करें। सुनील बोडा ने उद्बोधन में कहा कि हमारे जिले का सौभाग्य है कि इतने बड़े आयोजन का जिम्मा विभाग ने हमें सौंपा है।

# युवाओं को नशे से बचाना हमारी बड़ी जिम्मेदारी : कलेक्टर


हनुमानगढ़ कलेक्टर कानाराम ने कलेक्ट्रेट में नशा मुक्त अभियान 'मानस' के कार्यों की समीक्षा की।

**हनुमानगढ़,** (कासं)। नशा मुक्ति अभियान को लेकर विद्यालयों में नवाचार किए जाए। प्रत्येक शिक्षक और विद्यार्थी की भागीदारी सुनिश्चित की जाए तभी अभियान की सार्थकता सिद्ध होगी और हमारा जिला नशा मुक्त बनेगा।

जिला कलेक्टर कानाराम ने कलेक्ट्रेट में नशा मुक्त अभियान 'मानस' के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के क्रिएटिव आइडिया को प्रोत्साहित कर उन्हें नशा मुक्त अभियान से जोड़े। इसमें शिक्षकों को विशेष ध्यान देना होगा। जिला कलेक्टर ने जिला निष्पादन समिति और पीएमश्री विद्यालयों की प्रगति समीक्षा भी की। कानाराम ने कहा कि विद्यार्थियों को प्रार्थना सभा में या कक्षा में 20 मिनट तक नशे की रोकथाम के बारे में बताएं ताकि बेहतर तरीके से नशे के दोषों को समझ सकें।

विद्यालयों में अंतिम शनिवार को होने वाली प्रतियोगिता से पहले उन्हें केस स्टडी के माध्यम से नशे की रोकथाम को बेहतर तरीके से समझाए। शत-प्रतिशत विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की ई-शपथ दिलाए। जिला कलेक्टर ने कहा कि युवाओं को नशे से बचाना हमारी बड़ी जिम्मेदारी है। ऐसे में जिन बच्चों के परिवार में कोई नशा करता है, उनकी नशा सीखने की संभावना अधिक बन सकती है। इसलिए विशेष ध्यान दिया जाए। बच्चे इतने जागरूक हो जाए कि जीवन में कभी नशा नहीं करें। उन्होंने कहा कि अभियान की सफलता कक्षा की अंतिम पंक्ति में बैठे विद्यार्थी के पूर्णतः जागरूक होने से हैं। शिक्षकों के लिए मानस अभियान की गतिविधियां एक बेहतरीन मंच है।